आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियाँ

drishtiias.com/hindi/printpdf/andhra-concept-of-three-capitals

प्रीलिम्स के लिये:

राजव्यवस्था, सामयिकी

मेन्स के लिये:

राजव्यवस्था

चर्चा में क्यों?

27 दिसंबर, 2019 को आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य की राजधानी को तीन अलग स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया।

मुख्य बिंदु:

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 17 दिसंबर, 2019 को घोषणा की थी कि दक्षिण अफ्रीका मॉडल पर राज्य की तीन विकेंद्रीकृत राजधानियाँ हो सकती हैं।
- ध्यातव्य है कि आंध्र प्रदेश की नई राजधानी के रूप में अमरावती शहर को प्रस्तावित किया गया था और जिसका निर्माण वर्ष 2015 से चल रहा है।
- नई घोषणा के अनुसार, निर्माणाधीन अमरावती विधायी राजधानी, तटवर्ती विशाखापत्तनम कार्यकारी राजधानी और कर्नूल न्यायिक राजधानी के रूप में स्थापित हो सकती है।
- यह निर्णय रिटायर्ड IAS जी. एन. राव की अध्यक्षता में बनी समिति के सुझावों के आधार पर लिया गया।

राजधानी को विकेंद्रीकृत करने का कारण:

- समिति के अध्यक्ष जी. एन. राव ने कहा कि राजधानी का विकेंद्रीकरण करना राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखने में सहायक होगा।
- राज्य के आंचलिक क्षेत्रों तक सरकार की पहुँच बढ़ेगी।



दक्षिण अफ्रीका की विकेंद्रीकृत राजधानी :

- दक्षिण अफ्रीका की राजधानी आधिकारिक रूप से तीन शहरों में विभाजित है-
    - विधायिका- केपटाउन
    - कार्यपालिका - प्रिटोरिया
    - न्यायपालिका - ब्लूमफ़ोनटेन
- दक्षिण अफ्रीका की यह व्यवस्था **द्वितीय बोर-युद्ध Second Boer War** (1899-1902) का परिणाम है, जिसमें ब्रिटेन ने दो अफ्रीकी भाषी राज्यों **द ऑरेंज फ्री स्टेट (The Orange Free State)**और दक्षिण अफ्रीकी गणतंत्र (ट्रांसवाल गणतंत्र) को जीत लिया था।
- इस दौरान वर्ष 1872 में स्वशासित राज्य बनने तक केप ऑफ गुड होप (Cape of Good Hope) ब्रिटिश साम्राज्य में ही रहा तथा अन्य तीनों उपनिवेशों के साथ मिलकर वर्ष 1910 में दक्षिण अफ्रीकी संघ का हिस्सा बना।

एक से अधिक राजधानियों के अन्य उदाहरण:

- श्रीलंका की आधिकारिक राजधानी श्री जयवर्धनेपुरा कोट्टे है और यहीं पर राष्ट्रीय विधायिका भी है परंतु वास्तविक कार्यपालिका और न्यायपालिका कोलम्बो में स्थित है।
- मलेशिया की आधिकारिक और राजकीय राजधानी कुआलालंपुर में है और यहीं पर देश की विधायिका भी स्थित है तथा कार्यपालिका एवं न्यायपालिका पुत्रजया से कार्य करती हैं।

भारत के अन्य एक से अधिक राजधानी वाले अन्य राज्य:

- भारतीय राज्यों में महाराष्ट्र की दो राजधानियाँ मुंबई और नागपुर हैं (राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर विधानसभा में होता है)।
- हिमाचल प्रदेश की दो राजधानियाँ शिमला और धर्मशाला (शीतकालीन) हैं।
- पूर्व राज्य जम्मू और कश्मीर की दो राजधानियाँ श्रीनगर एवं जम्मू (शीतकालीन) थीं।

विकेंद्रीकृत राजधानी के लाभ:

- प्रशासन के प्रमुख तंत्रों के विकेंद्रीकृत होने से राज्य के सुदूर हिस्सों में सरकार की पहुँच बढ़ती है।

- प्रमुख सरकारी संस्थानों के विकेंद्रीकृत होने से एक ही स्थान के बजाय कई क्षेत्रों में निवेश के नए अवसर उत्पन्न होते हैं।
- जनता के मध्य सांस्कृतिक मेलजोल को बढ़ावा मिलता है।

विकेंद्रीकृत राजधानी के दुष्प्रभाव:

- प्रशासन के प्रमुख तंत्रों के विकेंद्रीकृत होने से संस्थानों में आपसी सामंजस्य की समस्या।
- शासन में नौकरशाही का दखल बढ़ता है।
- समय की हानि आदि।

स्रोत: द इंडियन एक्सप्रेस